**निदेशक, सूडा की अध्यक्षता में दिनांक 01.02.2022 को सायं 04.00 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं एन0यू0एल0एम0 की प्रगति के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के परियोजना अधिकारी एवं सी0एल0टी0सी0 के साथ आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

उपस्थितिः—

1. अपर निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
3. डा0 कमल कुमार, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
4. सिमी औमेर, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
5. विनोद कुमार कनौजिया, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
6. मनीष श्रीवास्तव, हाऊसिंग फाईनेन्स पॉलिसी स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
7. विनय सिंह, म्यूनिसिपल इंजीनियर, एस0एल0टी0सी, सूडा।
8. संतोष विश्वकर्मा, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
9. असजद अलवी, अरबन इन्फ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
10. रविश सिंह, जी0आई0एस0 स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
11. मानस द्विवेदी, एमआईएस स्पेशलिस्ट, सूडा।

सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में अन्तर्गत लम्बित मॉडरेशन, लम्बित फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग, द्वितीय किश्त के सापेक्ष लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग, डाटा बैंक अपडेशन तथा करटेलमेन्ट की समीक्षा की गयी।

**प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी):—**

बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं में लम्बित जिओ टैग का मॉडरेशन, प्रथम किश्त के सापेक्ष लम्बित फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग, द्वितीय किश्त के सापेक्ष लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग, डाटा बैंक अपडेशन तथा करटेलमेन्ट की समीक्षा की गयी एवं निम्न निर्देश दिये गयेः—

1. **मथुराः—**911 जिओ टैग के लम्बित मॉडरेशन के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 01.02.2022 को सी0एल0टी0सी0 द्वारा मॉडरेशन पूर्ण कर दिया गया है। निर्देशित किया गया कि मॉडरेशन को लम्बित न रखा जाये।

2. **फिरोजाबादः—**1847 जिओ टैग के लम्बित मॉडरेशन के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त लम्बित जिओ टैग का मॉडरेशन करा दिया गया है। निर्देशित किया गया कि भविष्य में मॉडरेशन को लम्बित न रखा जाये।

3. **संत कबीर नगरः—**546 जिओ टैग के लम्बित मॉडरेशन के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त लम्बित जिओ टैग का मॉडरेशन करा दिया गया है। निर्देशित किया गया कि भविष्य में मॉडरेशन को लम्बित न रखा जाये।

4. **आगराः—**795 जिओ टैग के लम्बित मॉडरेशन के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि समस्त लम्बित जिओ टैग का मॉडरेशन करा दिया गया है। निर्देशित किया गया कि भविष्य में मॉडरेशन को लम्बित न रखा जाये।

क्रमशः......2 पर



Scanned with CamScanner

5\. **श्रावस्तीः**—प्रथम किश्त के सापेक्ष 457 फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग लम्बित है। विगत सप्ताह मात्र 69 जिओ टैग किये गये हैं, जिसमें एक भी फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग नहीं किया गया है। सी0एल0टी0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि प्रथम किश्त 15 दिन पहले आयी है। दिनांक 30 नवम्बर, 2021 तक अवमुक्त द्वितीय किश्त के सापेक्ष 523 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग 02 माह पश्चात् भी लम्बित है, जिस पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा सूडा स्तर से संस्था को पत्र लिखने हेतु निर्देशित किया गया।

6\. **सोनभद्रः**—विगत सप्ताह मात्र 130 जिओ टैग किये गये हैं, जिसमें से 45 ही लिन्टल एवं रूफ लेवल जिओ टैग किया गया है। लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग में 834 का अन्तर है। सहा0 परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जांच की वजह से जिओ टैग की प्रगति कम हुई है। निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर लम्बित जिओ टैग को नियमानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

7\. **आजमगढ़ः**—विगत सप्ताह मात्र 246 जिओ टैग किये गये हैं, जो कि बहुत कम है। द्वितीय किश्त के सापेक्ष 3448 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग 02 माह पश्चात् भी लम्बित है। इस सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पुरानी संस्था के डिबार होने के बाद नई संस्था कार्य कर रही है। विगत सप्ताह संस्था के कर्मियों को करटेलमेन्ट में लगाया हुआ था। निर्देशित किया गया कि 10 दिवस के अन्दर लम्बित रूफ लेवल जिओ टैग को नियमानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। करटेलमेन्ट के लिए अलग से स्टॉफ लगाया जाये। स्टॉफ की संख्या बढ़ाते हुए जिओ टैग की संख्या बढ़ायी जाये।

8\. **सुल्तानपुरः**—विगत सप्ताह मात्र 91 जिओ टैग किये गये हैं, जिसमें से 60 जिओ टैग लिन्टल एवं रूफ लेवल के है, जबकि द्वितीय किश्त के सापेक्ष 528 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग लम्बित है तथा लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग में 243 का अन्तर है। सहा0 परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जांच की वजह से जिओ टैग की प्रगति कम हुई है। निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह के अन्दर लम्बित जिओ टैग को नियमानुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

9\. **रायबरेलीः**—विगत सप्ताह मात्र 104 जिओ टैग किये गये हैं, जबकि द्वितीय किश्त के सापेक्ष 656 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग लम्बित है तथा लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग में 471 का अन्तर है। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 09 सर्वेयर कार्यरत हैं, जिसमें 05 सर्वेयर बीमार हो गये थे, जिस कारण जिओ टैग की प्रगति कम हुई है। निर्देशित किया गया कि स्वयं भी जिओ टैग की मॉनिटरिंग करें तथा एक सप्ताह में लम्बित जिओ टैग को नियमानुसार पूर्ण करायें।

10\. **चित्रकूटः**—विगत सप्ताह मात्र 116 जिओ टैग किये गये हैं अर्थात् प्रतिदिन लगभग 17 जिओ टैग किये गये हैं, जो कि बहुत कम है, जबकि द्वितीय किश्त के सापेक्ष 473 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग लम्बित है तथा लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग में 656 का अन्तर है। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 364 फाउण्डेशन लेवल तथा 473 रूफ लेवल जिओ टैग बचा है। निर्देशित किया गया कि नियमित मॉनिटरिंग करते हुए एक सप्ताह में लम्बित जिओ टैग को नियमानुसार पूर्ण करायें।

11\. **गौतमबुद्ध नगरः**—विगत सप्ताह मात्र 41 जिओ टैग किये गये हैं, जो कि बहुत कम है, जबकि द्वितीय किश्त के सापेक्ष 106 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग लम्बित है तथा लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग में 88 का अन्तर है। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 3 सर्वेयर को

क्रमशः......3 पर



Scanned with CamScanner

कोविड–19 हो गया था। इस प्रकार 3 सर्वेयर ने ही 41 जिओ टैग किये हैं अर्थात् एक सर्वेयर द्वारा मात्र 02 जिओ टैग ही किया गया है। निर्देशित किया गया कि नियमित मॉनिटरिंग करते हुए तत्काल लम्बित जिओ टैग को नियमानुसार पूर्ण करायें।

12. <u>**कन्नौजः**</u>–विगत सप्ताह मात्र 152 जिओ टैग किये गये हैं, जो कि बहुत कम है, जबकि द्वितीय किश्त के सापेक्ष 935 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग लम्बित है तथा प्रथम किश्त के सापेक्ष 800 फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग लम्बित है। सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि शीघ्र ही लम्बित जिओ टैग करा दिया जायेगा। निर्देशित किया गया कि प्रथम किश्त अवमुक्त किये गये लाभार्थियों के आवासों का फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग ड्राइव चलाकर नियमानुसार एक सप्ताह में कराया जाना सुनिश्चित करें।

13. <u>**बुलन्दशहरः**</u>–फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग के सापेक्ष 1905 लाभार्थियों की द्वितीय लम्बित है, जिस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 600 लाभार्थियों हेतु पत्रावली अनुमोदन जिलाधिकारी के पास हैं तथा 1200 लाभार्थियों हेतु पत्रावली तैयार करायी जा रही है, जिसका पी0पी0ए0 शीघ्र ही प्रेषित कर दिया जाएगा। निर्देशित किया गया कि एक सप्ताह में सभी लाभार्थियों का पी0पी0ए0 प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

14. <u>**अयोध्याः**</u>–करटेलमेन्ट की लम्बित 39 डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 10 डीपीआर अधिशासी अधिकारी से हस्ताक्षरित हो गयी, जिन्हें 07 फरवरी, 2022 तक भेज दिया जाएगा तथा शेष 29 डीपीआर 10 दिन में प्रेषित कर दी जायेगी। दिनांक 25.01.2022 की बैठक में आपके द्वारा करटेलमेन्ट की समस्त डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक भेजे जाने हेतु अनुरोध किया गया था। निर्देशित किया गया कि अवशेष 29 डीपीआर भी 07 फरवरी, 2022 तक भेज दी जाये।

15. <u>**जौनपुरः**</u>–करटेलमेन्ट की लम्बित 44 डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 30 डीपीआर तैयार हो चुकी हैं, जिन्हें 07 फरवरी, 2022 तक भेज दिया जाएगा तथा शेष 14 डीपीआर 02 दिवस में अधिशासी अधिकारी से हस्ताक्षरित हो जायेंगी। निर्देशित किया गया कि समस्त डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक भेज दी जाये।

16. <u>**बाराबंकीः**</u>–करटेलमेन्ट की लम्बित 39 डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अधिशासी अधिकारी की ड्यूटी आचार संहिता में लगी है, जिस कारण हस्ताक्षर नहीं हो पा रहे हैं।

17. <u>**मदोहीः**</u>–करटेलमेन्ट की लम्बित 33 डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 08 डीपीआर अधिशासी अधिकारी से हस्ताक्षर हो चुकी हैं तथा 02 डीपीआर कन्सलटेन्ट द्वारा तैयार की जा रही है, शेष डीपीआर शीघ्र ही प्रेषित कर दी जायेगी। निर्देशित किया गया कि समस्त डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक भेज दी जाये।

18. <u>**मिर्जापुरः**</u>–करटेलमेन्ट की लम्बित 2डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 17 परियोजनाओं की सूची चस्पा हो चुकी हैं। प्राप्त आपत्तियों का निस्तारण कराया जा रहा है। निस्तारण के बाद डाटा डीपीआर तैयार करने हेतु कन्सलटेन्ट को उपलब्ध करा दिया जायेगा। निर्देशित किया गया कि मिर्जापुर एवं फिरोजाबाद की समीक्षा अपर निदेशक पृथक से की जायेगी।

क्रमशः......4 पर



Scanned with CamScanner

19. **संत कबीर नगरः**—करटेलमेन्ट की लम्बित 25 डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 08 डीपीआर हस्ताक्षर की प्रक्रिया में हैं, जिन्हें दिनांक 07.02.2022 तक प्रेषित कर दिया जायेगा। निर्देशित किया गया कि अवशेष डीपीआर भी 07 फरवरी, 2022 तक भेज दी जाये।

**ई0एस0टी0 एण्ड पी0ः—**

1. दिनांक 10.12.2021 को शहरवार जारी लक्ष्यों के सापेक्ष एन0एस0डी0पी0 पार्टनर संस्थाओं हेतु गोरखपुर, आजमगढ़, बस्ती, उझानी (बदायूं), फतेहपुर, सण्डीला (हरदोई), जौनपुर, मैनपुरी, पीलीभीत, रामपुर, चित्रकूट में कोर्स अनुमोदन अभी भी नहीं हुआ है। उक्त शहरों के परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि शीघ्र ही संस्थाओं को कोर्स अनुमोदन उपलब्ध कराया जाये, ताकि स्मार्ट सेन्टर तैयार किये जाने की कार्यवाही प्रारम्भ हो सके।

**इसके अतिरिक्त निम्न निर्देश दिये गयेः—**

1. यदि किसी जनपद में अधिक संख्या में जिओ टैग का मॉडरेशन लम्बित होता है तो परियोजना अधिकारी देखेगें। यदि दोबारा ऐसा होता है तो सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर के एक दिन के वेतन की कटौती की जाएगी।
2. वर्तमान में प्रथम किश्त और फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग में 92851 का अन्तर है। इससे स्पष्ट है कि परियोजना अधिकारी द्वारा नियमित मॉनिटरिंग नहीं की जा रही है। परियोजना अधिकारी द्वारा यह सुनिश्चित किया जाये कि जिन लाभार्थियों को नवम्बर, 2021 तक प्रथम किश्त अवमुक्त की जा चुकी है, उनका फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग नियमानुसार एक सप्ताह में करा दिया जाये। यदि फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग लम्बित रहता है, तो उसके लिए परियोजना अधिकारी उत्तरदायी होगें।
3. जिन लाभार्थियों को 30 नवम्बर, 2021 तक द्वितीय किश्त अवमुक्त की जा चुकी है, उनके आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग नियमानुसार प्रत्येक दशा में 28 फरवरी, 202 तक करा दिया जाये।
4. समस्त सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर डाटा बैंक अपडेट करेगें तथा परियोजना अधिकारी डाटा बैंक के सम्बन्ध में 03 दिवस में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। डाटाबैंक अपडेट करने के बाद परियोजना अधिकारी द्वारा यह देखा जा सकता हैं कि किसका भुगतान लम्बित है? इससे भुगतान की द्विरावृत्ति (Duplicate Payment) से भी बचा जा सकेगा।
5. परियोजना अधिकारी द्वारा पहले से पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर वैलिडेट नहीं किया जाता। 54000 का डाटा बैंक अपडेट है तथा 54000 में से आधार का वैलिडेशन 49000 का है। पुराने लाभार्थियों का वैलिडेशन अभी तक नहीं किया गया।
6. अगले सप्ताह एस0एन0ए0 के माध्यम से भुगतान किया जाना प्रस्तावित है, जो रजिस्टर्ड लाभार्थी हैं, उनका एक्सेल तैयार कर पी0एफ0एम0एस0 पर वैलिडेट करके रखे, जिससे बाद में कठिनाई ना हो।
7. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत जिन जनपदों में एस0एन0ए0 का खाता नहीं खुला है, वहां के जिलाधिकारी को भारतीय रिजर्व बैंक की गाइडलाइन लगाकर पत्र प्रेषित किया जाये।

क्रमशः......5 पर



Scanned with CamScanner

8. 56वी सीएसएमसी में स्वीकृत परियोजनाओं में अटैचमेन्ट के सापेक्ष शत–प्रतिशत जिओ टैग नियमानुसार आदर्श चुनाव आचार संहिता की अवधि में ही कराना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में परियोजना अधिकारी उत्तरदायी होंगे। यदि जिओ टैग करने में कोई समस्या है, तो जिलाधिकारी/अध्यक्ष डूडा स्तर से पत्र प्रेषित करें। जनपद अयोध्या, बरेली, गोरखपुर, महराजगंज, मथुरा, मेरठ, संत कबीर नगर, शाहजहांपुर, सिद्धार्थ नगर, सीतापुर एवं शामली में अधिक संख्या में जिओ टैग लम्बित हैं।

अन्त में सभी को धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

/

(यशु रूस्तगी)
निदेशक

संख्याः– 4098 /01/तीस/कार्यक्रम–Vol-VII/2021–22 दिनांकः– 11 फरवरी, 2022

**<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>**

1. अपर निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. वित्त नियन्त्रक, सूडा, लखनऊ।
3. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
4. परियोजना अधिकारी, एन0यू0एल0एम0, सूडा, लखनऊ।
5. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0।
6. समस्त एस0एल0टी0सी0 विशेषज्ञ, सूडा, लखनऊ।
7. समस्त सी0एल0टी0सी0, सूडा, लखनऊ।
8. गार्ड फाईल।

11.2.2022
(यशु रूस्तगी)
निदेशक

Scanned with CamScanner